भारत सरकार द्वारा प्रायोजित विश्वकर्मा दिवस के अवसर पर खान सुरक्षा महानिदेशालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित जगरूकता अभियान–उपलब्धियां एवं पहल

केंद्रीय श्रम कानून से रू-ब-रू हुए मजदूर

भौरा (झरिया) | प्रतिनिधि

भौरा ऑफिसर्स क्लब में गुरुवार को संबोधित करते डीडीजी व मंचासीन सांसद व अन्य।

जागरूकता

- डीजीएमएस और बीसीसीएल की ओर से लगा जागरूकता शिविर
- गुलामीनुमा श्रम कानून को सरकार ने बदला : पीएन सिंह

पूर्वी झरिया क्षेत्र के भौरा ऑफिसर्स क्लब में गुरुवार को जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। डीजीएमएस मध्य अंचल और बीसीसीएल पूर्वी झरिया क्षेत्र की ओर से आयोजित सेमिनार में केन्द्र सरकार द्वारा श्रमिकों की दशा और दिशा सुधारने के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई।

मौके पर सांसद पशुपतिनाथ सिंह, डीजीएमएस के डीडीजी संजीवन राय, डीटी देवेन्द्र गंगोपाध्याय, महाप्रबंधक आरपी कुमार के अलावा विभिन्न श्रमिक संगठन के नेता और मजदूर उपस्थित थे। डीडीजी संजीवन राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उद्देश्य श्रमेव जयते है। काम करने वाले को सुरक्षा मिले। उन्होंने कहा कि खदानों में जाने से पहले सुरक्षा उपकरण से लैस होकर मजदूर आएं।

सांसद पीएन सिंह ने कहा कि सरकार श्रमिकों के हितों की रक्षा व सुरक्षा के लिए कई कदम उठाये है। अंग्रेजों के जमाने में बने श्रम कानून को बदलने का काम सरकार ने किया है। गुलामीनुमा श्रम कानून से मजदूरों का भला नहीं हो रहा था। डीजीएमएस की परीक्षा पास होने वाले लोगों को प्रमाण पत्र के लिए अब दौड़ नहीं लगानी होगी। अब सबकुछ ऑनलाईन हो रहा है। सरकार ने बोनस की सीमा दस हजार से बढ़ाकर 23 हजार कर दिया है। डीटी देवेन्द्र गंगोपाध्याय ने कहा कि सरकार 9 अगस्त को श्रमिकों के लिए बहुत सी सुविधाएं दी है। बोनस वृद्धि, महिलाओं की सुविधाओं में इजाफा किया गया है।

जीएम सुरक्षा एके सिंह ने कहा कि मजदूरों की सुरक्षा के प्रति सरकार गंभीर है। महाप्रबंधक आरपी कुमार ने कहा कि मजदूर के बिना कोई भी उद्योग और कलकारखाना नहीं चल सकता। मजदूर विश्वकर्मा के दूसरे रूप हैं। रिटायर श्रमिकों का काम अधिकारियों को तुरंत करना चाहिए। मौके पर सुबोध प्रसाद, अखिलेश्वर राम, आरपी शर्मा, पी चौधरी, एके वर्मा, एसपी बरनवाल, बी महतो, एस बैठा, मुरारी प्रसाद, नेताओं में उमेश यादव, रिंकू शर्मा, अभिषेक पांडेय, अखिलेश सिंह, कालीचरण यादव, रंजय कुमार, शिवकुमार यादव, पार्षद सुभाष ठाकुर आदि थे।

सुरक्षा : गोविंदपुर-कतरास क्षेत्र में सुरक्षा जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित

मजदूर हित में उठाए गए कदमों की दी जानकारी

कार्यशाला का उद्घाटन करते विधायक ढुलू महतो व अन्य।

उत्कृष्ट कार्य करनेवाले कर्मी को सम्मानित करते डीजीएमएस निदेशक [illegible]

तेतुलमारी, कतरास/सिजुआ : खान सुरक्षा महानिदेशालय के तत्वावधान में गुरुवार को [illegible]

हाड़ी समाज ने भगवान दास को दी श्रद्धांजलि

[illegible]

श्रमिकों की कार्यशाला में सरकारी योजनाएं की दी जानकारी

ऑनलाइन जारी किया जा रहा लेबर पहचान पत्र

लोयाबाद | निज प्रतिनिधि

[illegible]

दो श्रमिक सम्मानित

[illegible]

सुरक्षा के लिए श्रम कानून में बदलाव : सांसद

- डीजीएमएस ने किया ऑफिसर्स क्लब में श्रमिक जागरूकता सेमिनार

संबोधित करते सांसद पीएन सिंह. फोटो | प्रभात खबर

भौरा. इजे एरिया के भौरा ऑफिसर्स क्लब में गुरुवार को मध्य अंचल खान सुरक्षा महानिदेशालय व पूर्वी झरिया क्षेत्र की ओर से श्रमिक जागरूकता सेमिनार का आयोजन हुआ. मुख्य रूप से सांसद पीएन सिंह, डीजीएमएस के डीडीजी संजीवन राय, डीटी देवेंद्र गंगोपाध्याय, जीएम आरपी कुमार थे. इस दौरान सांसद पीएन सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार श्रमिकों के हितों की रक्षा व सुरक्षा के लिए कई कदम उठाये हैं. श्रमिकों की सुरक्षा के लिए श्रम कानून में बदलाव किये गये हैं.पहले डीजीएमएस की परीक्षा में पास करने के बाद सर्टिफिकेट के लिए दौड़ लगानी पड़ती थी. अब वैसी बात नहीं है. अब सब-कुछ ऑनलाइन से हो रहा है. सरकार ने बोनस की सीमा 10 हजार से बढ़ाकर 23 हजार रुपया कर दिया है. डीटी देवेंद्र गंगोपाध्याय ने कहा कि सरकार ने नौ अगस्त को श्रमिक हित में बहुत सुविधा प्रदान की है. हमें टीम भावना के साथ सुरक्षा पर ध्यान देना होगा, तभी हम अच्छा काम दे सकते हैं. अधिकारियों को अधिक जानकारी खदान में स्वयं जाकर लेनी चाहिए. डीडीजी संजीवन राय ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का उद्देश्य श्रममेव जयते है. श्रम करने वालों को काम के साथ साथ सुरक्षा मिले. मजदूर ही हमारे राष्ट्र निर्माता है. सबका स्वागत करते हुए इजे एरिया के महाप्रबंधक आरपी कुमार ने कहा कि मजदूरों के बिना उद्योग धंधे व कल कारखाने चलाने की कल्पना नहीं की जा सकती है. मजदूर विश्वकर्मा का दूसरा रूप है. मौके पर जीएम सुरक्षा एके सिंह, सुबोध प्रसाद, अखिलेश्वर राम, आरपी शर्मा, पी चौधरी, एके वर्मा, एसपी बर्णवाल, बी महतो, एस बैठा, मुरारी प्रसाद, नेताओं में उमेश यादव, कालीचरण यादव, रंजय कुमार, पार्षद शिवकुमार यादव, सुभाष ठाकुर, मिरजन कालिंदी, कैलाश रवानी, प्रदीप भट्टाचार्य, नुनूलाल पासवान, नारायण चौधरी आदि थे.

श्रमिक शिक्षा दिवस समारोह में बोले उपमुख्य श्रमायुक्त एके सामंता रे

श्रमिकों के उत्थान में बोर्ड की भूमिका अहम

प्रतिनिधि ▸ धनबाद

दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड के क्षेत्रीय निदेशालय धनबाद द्वारा बोर्ड की 58वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार को श्रमिक शिक्षा दिवस समारोह मनाया गया. मौके पर मुख्य अतिथि उप मुख्य श्रमायुक्त एके सामंता रे ने कहा कि बोर्ड की भूमिका श्रमिक वर्ग के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण है. संगठित, असंगठित तथा ग्रामीण क्षेत्र के श्रमिकों में जागरूकता की कमी के कारण उन्हें उनका अधिकार एवं सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है. इस क्षेत्र में बोर्ड की भूमिका सराहनीय है. उन्होंने कहा कि विकास के लिए श्रमिकों को हिम्मत के साथ-साथ रिस्क लेने की आदत डालनी होगी. अध्यक्षता करते हुए, बीएमएस के महेश महामंत्री गिरिधारी प्रसाद ने कहा कि बोर्ड की देश के औद्योगिक विकास में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका है. बोर्ड द्वारा महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में आयोजित किये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम सामाजिक परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण है. अपने संबोधन में आरपी सिंह, डॉ एसके कर्ण, उदयवीर सिंह ने बोर्ड द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की. प्रभारी क्षेत्रीय निदेशक आरके गोप ने स्वागत एवं शिक्षा पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने संचालन किया. मौके पर काफी संख्या में महिलाएं भी मौजूद थीं.

सरकार श्रमिकों के हित में तत्पर : सांसद

पुटकी. मुनीडीह ऑफिसर क्लब में डब्ल्यूजे एरिया के तत्वावधान में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के मध्य अंचल खान सुरक्षा महानिदेशालय द्वारा उपलब्धि व सुधार विषय पर शुक्रवार को 'श्रमिक जागरूकता सेमिनार' का आयोजन किया गया. उद्घाटन सांसद पीएन सिंह, डीजीएमएस के निदेशक बी. चंद्रेश्वर, बीसीसीएल के तकनीकी निदेशक डी गांगुली, जीएम सेफ्टी (मुख्यालय) एके सिंह, डब्ल्यूजे एरिया मुनीडीह जीएम सोमेन चटर्जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. मौके पर सांसद श्री सिंह ने कहा कि देश में परिवर्तन होना शुरू हो गया है. भारत सरकार ने श्रमिकों के हित में कई कदम उठाये हैं. श्री चंद्रेश्वर ने कहा कि बीसीसीएल द्वारा आयोजित सभी परीक्षाओं को ऑनलाइन कर दिया गया है. सभी ऑफिस में मिलने वाले आवेदनों को भी ऑनलाइन करने की तैयारी चल रही है. श्री गांगुली ने कहा कि बीसीसीएल में कार्यरत श्रमिकों के रहन-सहन में दिन प्रतिदिन बदलाव हो रहे हैं. इस अवसर पर डब्ल्यूजे एरिया के सेफ्टी ऑफिसर राहुल सरकार, एसके कुंडू, केएन प्रजापत, महेश साहू, तमाल राय, संजीवन चौहान आदि उपस्थित थे. इसके पूर्व स्वागत भाषण जीएम सोमेन चटर्जी दिया. मंच संचालन एसन पाठक एवं वर्मा ने किया. अंत में मुनीडीह प्रोजेक्ट ऑफिसर जेएस महापात्रा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया.

पीएम की उपलब्धि व पहल विषय पर संगोष्ठी

पाथरडीह. चासनाला स्थित वोटीसी के सभागार में शुक्रवार को खान सुरक्षा महानिदेशालय धनबाद व सेल कोलियरी डिवीजन चासनाला की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपलब्धि व पहल विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत डीजीएमएस के डीडीजी संजीवन राव, अल्ताफ हुसैन, नवन सिन्हा, सेल के महाप्रबंधक एनएन प्रसाद, महाप्रबंधक एनएस राव ने संयुक्त रूप से की. मौके पर पंकज मंडल, विद्या भूषण पांडेय, अरविंद सिंह, मिथिलेश सिंह, संजय सिन्हा, बादल मंडल, पीके सिंह, पी चौधरी आदि थे.

मजदूर व उद्योग हित को श्रम कानून में बदलाव : सांसद

संबोधित करते सांसद पीएन सिंह व अन्य।

संस, भौरा : ईजे एरिया के भौरा ऑफिसर्स क्लब में गुरुवार को सुरक्षा व श्रम कानून जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डीजीएमएस के अधिकारी भी शामिल हुए। सांसद पशुपति नाथ सिंह ने कहा कि गुलामी के दौर में बने श्रम कानून व आजादी के बाद भी श्रम कानून में खास परिवर्तन नहीं हुए। बदलते परिवेश व दुनिया की प्रतिस्पर्धा में हमारी भागीदारी बढ़ी है। इसलिए भारत सरकार श्रम कानून में बदलाव लाई है और ला रही है। केंद्र की भाजपा सरकार ने श्रमिकों के वेतन, पेंशन व कल्याणकारी योजनाओं में समरसता भी भरी है। मातृत्व कानून में संशोधन कर महिला मजदूरों के 12 सप्ताह की छुट्टी को 26 सप्ताह किया। मजदूरों की मजदूरी को 246 से बढ़ाकर 350 रुपये प्रतिदिन की है। अब किसी भी मजदूर को एक हजार से कम पेंशन नहीं मिलेगी। सरकार भूमि सुधार बिल सहित कई बिल में संशोधन कर रही है। कहा कि सुरक्षा के लिए डीजीएमएस की ओर से प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी देने के अलावा यदि पंफलेट के माध्यम से भी ऐसा प्रयास होता तो अधिक बेहतर होता। सुरक्षा सर्वोपरि है।

डीटी देवेन गंगोपाध्याय ने कहा कि श्रम कानून में संशोधन कर नई-नई सुविधाओं की जानकारी दी जा रही है। इसका फायदा उठाना चाहिए। डीजीएमएस के डीडीजी संजीवन राय ने कहा कि श्रमजीवियों के जीवन में खुशहाली लाने, सुविधाओं में पारदर्शिता लाने को भारत सरकार ने अनेक इकाइयों का मंतव्य जाना। इसके बाद श्रम कानूनों में संशोधन कर एक श्रम कानून बनाया। सिंगल विंडो के माध्यम से इसे ऑनलाइन किया गया। इसकी जानकारी मजदूरों को दी जा रही है। आप इसकी जानकारी लेने के साथ-साथ अपनी शिकायत भी दर्ज करा सकते हैं। इसके पूर्व सांसद का स्वागत संजीवन राय ने किया।

जीएम आरपी कुमार ने काम के दौरान सुरक्षा सर्वोपरि की बात कही। संचालन बीसीसीएल के जीएम सुरक्षा एके सिंह ने किया। जीएम आरपी कुमार, सुबोध प्रसाद, एस बैठा, पी चौधरी, कृष्ण मुरारी, हरेंद्र यादव, तापस खवास, पीके साहू, बीजी महतो, आरपी यादव, प्रमोद कुमार, अखिलेश्वर राम, एके शर्मा व यूनियन के रंजय कुमार, कालीचरण यादव, रामधारी, राजू यादव, उमेश यादव, राजीव प्रताप सिंह, अभिषेक पांडेय, मनोहर, गुड्डू सिंह, छोटू, स्वरूप सुपकार, देवीलाल महतो, देवचंद ठाकुर, पार्षद शिवकुमार यादव थे।

सांसद ने कर्मियों को किया पुरस्कृत : अपने कार्य को बेहतर ढंग से अंजाम देनेवाले कर्मियों को सांसद ने पुरस्कृत किया। इनमें ईजे एरिया के जमींदार पासवान, इस्लाम मियां, गुलाबी देवी, मृत्युंजय सिंह, शंभू रजवार, बादल सिंह आदि शामिल हैं।

कतरास क्लब में कार्यशाला का आयोजन

सिजुआ. कतरास क्लब में शुक्रवार को श्रम कानों जागरूकता अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया. उद्घाटन विधायक ढुलू महतो, डीजीएमएस के निदेशक एस बनर्जी, कतरास क्षेत्र के महाप्रबंधक एके दत्ता ने संयुक्त रूप से किया. इस दौरान स्वच्छता, कल्याण, पर्यावरण व सुरक्षा पर प्रकाश डाला गया.

विधायक ढुलू महतो ने कहा कि हम सभी देश हित में एक निष्ठा के साथ काम करें तो भारत को विकसित बनने से कोई नहीं रोक सकता. कहा कि श्रमिकों के बीच कई ऐसे लोग हैं जो काम करने के नाम पर केवल खानापूर्ति कर रहे हैं. इससे लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता है. कभी-कभी ईमानदारी से काम करने पर भी आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता है. इससे विचलित नहीं होना चाहिए. अपने कार्य को सच्चे मानकर कर्तव्य का निर्वहन करें. डीजीएमएस अधिकारियों ने उत्पादन के साथ सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही गयी. मौके पर डीजीएमएस के उप निदेशक आर मीणा, एमसी अग्रवाल, एनपी फुले, संदीप श्रीवास्तव, योगेश सिंह, बीके पाल, एसके पाल, एस चटर्जी, पार्षद छोटू सिंह, कामेश सिंह, राजेश मंडल, अरशद हुसैन आदि मौजूद थे. कार्यक्रम में महिला कर्मी वैशाली करमकार ने नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया.

श्रम नीति में बदलाव से मजदूरों को लाभ

गोविंदपुर क्षेत्रीय कार्यालय सभागार में शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. उद्घाटन बाघमारा विधायक ढुलू महतो, डीजीएमएस के निदेशक अजय कुमार सिंह, डिप्टी डायरेक्टर राजीव वर्मा, जीएम केपी मिश्रा ने किया. समारोह में केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताया गया. वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार ने श्रम नीति में काफी बदलाव किये हैं. जिसका फायदा श्रमिकों को मिल रहा है. मौके पर एजीएम बीके चौधरी, पीओ सतीश कुमार, बीके सिन्हा, यूके सिंह, रत्नाकर मल्लिक, ओपी सिंह, प्रमोद कुमार, एसके भारती के अलावा यूनियन के अजबलाल शर्मा, नरेंद्र सिंह, भिखारी मांझी, टेंडा सोम, पीएन दूबे, लक्ष्मण महतो, बलदेव सिंह, अजय सिंह, मनोज कुमार, राजीव रंजन त्रिवेदी आदि थे.

केंद्र सरकार की योजनाओं को श्रमिकों तक पहुंचाएं: पीएन

मुनीडीह ऑफिसर्स क्लब में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में सांसद, डीटी और अन्य।

पुटकी | प्रतिनिधि

पश्चिमी झरिया क्षेत्र मुनीडीह के ऑफिसर्स क्लब में शुक्रवार को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के मध्य अंचल खान सुरक्षा महानिदेशालय ने उपलब्धि एवं सुधार विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। उद्घाटन धनबाद सांसद पीएन सिंह, डीजीएमएस के निदेशक बी चिन्द्रेश्वर, बीसीसीएल के डीटी डी गांगुली, जीएम सेफ्टी (मुख्यालय) एके सिंह एवं डब्ल्यूजे एरिया के जीएम सोमेन चटर्जी ने किया।

सांसद पीएन सिंह ने कहा कि देश में परिवर्तन होना शुरू हो गया है। भारत सरकार ने श्रमिकों के हित में जो कदम उठाए हैं, उसकी जानकारी श्रमिकों को इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम के जरिए होना चाहिए। हम हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। चिन्द्रेश्वर ने कहा कि बीसीसीएल की ओर से आयोजित सभी परीक्षाओं को ऑनलाइन कर दिया गया है। सभी आवेदन भी ऑनलाइन करने की तैयारी चल रही है। कहा कि संशोधित बोनस भुगतान के तहत पात्रता सीमा को दस हजार से बढ़ाकर 21 हजार करने का प्रस्ताव किया गया है। गांगुली ने कहा कि बीसीसीएल में कार्यरत श्रमिकों के रहन-सहन में दिन-प्रतिदिन बदलाव हो रहे हैं। धन्यवाद ज्ञापन पीओ जेएस महापात्रा ने किया।

श्रमिकों को कानून और हक की दी गई जानकारी

चासनाला। सेल कोलियरी डिवीजन चासनाला के वीटीसी सभागार में डीजीएमएस की ओर से संगोष्ठी हुई। उद्घाटन डीडीजी संजीवन राव, ए हुसैन, नवन सिन्हा, सेल चासनाला के महाप्रबंधक एनएन प्रसाद, एनएस राव ने किया। संगोष्ठी में मजदूरहित में की जा रही कार्रवाई की जानकारी दी गई। मौके पर प्रबंधक पंकज मंडल, विद्याभूषण पांडेय, मिथिलेश सिंह, सुबोध सिंह, संजय सिन्हा, एन प्रसाद, ललित झा, शिवराम बनर्जी थे।

देवप्रभा को पुरस्कार : भौरा। पूर्वी झरिया क्षेत्र के देव प्रभा द्वारा आउटसोर्सिंग परियोजना को सुरक्षा और बेहतर उत्पादन के लिए सम्मानित किया गया है। यह सम्मान गुरुवार को भौरा ऑफिसर्स क्लब में डीजीएमएस और बीसीसीएल की ओर से दिया गया था। सांसद पीएन सिंह के हाथों आउटसोर्सिंग कर्मी बादल सिंह ने पुरस्कार प्राप्त किया था। गुरुवार को देव प्रभा के निदेशक कृष्णानंद सिंह ने भी बादल सिंह को सम्मानित किया। आउटसोर्सिंग के अलावा बीसीसीएल कर्मी शंभु रजवार, मृत्युंजय सिंह, गुलाबी देवी, जमींदार पासवान, इस्लाम मियां को भी पुरस्कार मिला था।